राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

क्रमांक : रा.क.बो./संस्था/2011/ २७६५३ दिनांक : २२-१२-११

: विज्ञप्ति :

राजस्थान चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 1999 के अंतर्गत राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर कार्यालय के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों हेतु संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसमें पूर्ण विवरण यथा जन्म दिनांक, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का स्पष्ट उल्लेख हो :–

1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों का विवरण :–

कुल पदों की संख्या	सामान्य पद		अ.जा.		अन्य पिछड़ा वर्ग	
	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
2	1	–	–	–	1	–

2. शैक्षणिक योग्यता – किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से पांचवी कक्षा पास।
3. पद का वेतनमान – (4750–7440) ग्रेड पे–1300 में, 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में फिक्स रूपये 4850/– प्रतिमाह देय होगा। उक्त परिवीक्षा अवधि संतोषजनक पूर्ण करने पर पूर्ण वेतनमान देय होगा। अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी।
4. आयु – आवेदक दिनांक 01.01.2012 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो और 35 वर्ष का नहीं हुआ हो। (परन्तु अधिकतम आयु सीमा में छूट विद्यमान नियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार होगी)
5. आवेदन पत्र (निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण विवरण सहित) कर बोर्ड में पहुँचने की अंतिम दिनांक **16.01.2012** सांय 6.00 बजे तक (व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा/किसी भी माध्यम द्वारा) इसके पश्चात् प्राप्त किसी आवेदन को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जावेगा।
6. शासन के परिपत्र क्रमांक प.6(19)गृह–13/2006 दिनांक 22.05.2006 के अनुसार इस परिपत्र के जारी होने की दिनांक से राजकीय सेवा में नियुक्ति हेतु विवाह होने की स्थिति में, विवाह पंजीयन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। अतः तत्संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. नियुक्ति के लिए निरर्हता –

   (1) कोई भी अभ्यर्थी जिसके एक से अधिक जीवित पत्नियां हैं, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जब तक कि सरकार इस बात से समाधान कर लेने के पश्चात् कि ऐसा करने के लिए विशेष आधार हैं, इस नियम के किसी अभ्यर्थी पर लागू होने से छूट न दे दे।

   (2) कोई भी विवाहित अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होग यदि उसने विवाह के समय कोई दहेज स्वीकार किया हो।

   स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजनार्थ "दहेज" का वही अर्थ होगा जो इसे दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम संख्या–20) में दिया गया है।

   (3) "ऐसा कोई भी अभ्यर्थी, जिसके 01.06.2002 को या उसके पश्चात् दो से अधिक बच्चे हों, सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, परन्तु जहाँ किसी अभ्यर्थी के पूर्वतर प्रसव से एक ही बच्चा है किन्तु पश्चावृती किसी एकल प्रसव से एक से अधिक बच्चे पैदा होते हैं तो बच्चों की कुल संख्या की गणना करते समय इस प्रकार पैदा हुए बच्चों को, एक इकाई समझा जायेगा। परन्तु यह कि किसी अभ्यर्थी की संतानों की कुल संख्या की गणना करते समय ऐसी संतान की, जो पूर्वतर प्रसव से पैदा हुई हो और निःशक्त हो, गणना नहीं की जायेगी"।
8. चयन प्रक्रिया – कर बोर्ड द्वारा गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार उपरान्त की गई सिफारिश के आधार पर नियुक्ति की जावेगी।

क्रमांक : सम/ २७६५५-५७ दिनांक : २२-१२-११

प्रतिलिपि :–

1. जिला कलक्टर, कार्यालय जिला कलक्टर, अजमेर।
2. निजी सचिव माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर।
3. श्री प्रमोद कोठारी, कम्प्यूटर प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि इसे कर बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।
4. कार्यालय का नोटिस बोर्ड।

रजिस्ट्रार
राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

फोटो

1. नाम ....

2. पिता का नाम ....

3. डाक का पता ....

....

....

4. प्रवर्ग : सामा. अ.जा. अ.ज.जा. अ.पि.व.

(अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. के संबंध में प्रमाण पत्र संलग्न करें)

5. लिंग : (पुरुष / महिला) ....

6. जन्म दिनांक : .... (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

7. शैक्षिक अर्हता : ....

....

.... (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

8. अगर आप अधिकत्तम आयु सीमा ....

में छूट चाहते हैं तो प्रमाण सहित कारण लिखें ....

9. निवासी .... (मूल निवास प्रमाण पत्र / राशन कार्ड की फोटो प्रति संलग्न करें)

10. वैवाहिक स्थिति : विवाहित / अविवाहित (जो लागू न हो, उसे काट दें) ....

11. विवाह विवरण (विवाहित होने की स्थिति में) विवाह संबंधी शपथ पत्र संलग्न करें।

पत्नी का नाम	विवाह तिथि	विवाह स्थान	पंजीयन संख्या	पंजीयन स्थान	पंजीयन अधिकारी

12. संतान का विवरण (विवाहित होने की स्थिति में) ....

क्र. सं.	जीवित पुत्र / पुत्री का नाम	जन्म दिनांक	आयु	क्र. सं.	जीवित पुत्र / पुत्री का नाम	जन्म दिनांक	आयु
1				4			
2				5			
3				6			

13. अनुभव (यदि कोई हो तो) .... (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

14. वर्तमान नियुक्ति, यदि कोई हो, पद ....

सेवा की अवधि और पदनाम ....

15. निकटस्थ पुलिस स्टेशन ....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में की गई समस्त पूर्तियाँ सत्य एवं सही है तथा मेरे द्वारा कोई तथ्य इसमें नहीं छुपाये गये हैं इसमें किसी प्रकार की असत्यता पाये जाने पर मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।